प्रेस नोट
जनपद – संतकबीरनगर
दिनांक – 18.10.2026

दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **संदीप कुमार मीना** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में **थाना महुली पुलिस** द्वारा 01 नफर वारण्टी नाम पता मुकेश पुत्र विजय पाल निवासी महुली खास थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री सोमनाथ मिश्रा, का0 सुनील कुमार सिंह।

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना महुली पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना बखिरा पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 539 वाहनों से 7,09,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनाँक 18.10.2026 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 539 वाहनों से 7,09,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

प्रेस नोट

जनपद – संतकबीरनगर

दिनाँक 18.10.2026

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री संदीप कुमार मीना** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सुशील कुमार सिंह** के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद **श्री प्रियम राजशेखर पाण्डेय** के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद **श्री जय प्रकाश दूबे** के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अभियुक्त नाम पता आशीष उर्फ गचई गुप्ता पुत्र श्री राम गुप्ता निवासी काजीपुर मगहर तेली टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को दिनाँक 18.10.2026 को शमशाम घाट से 01 अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0स0 966/2026 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

आशीष उर्फ गचई गुप्ता पुत्र श्री राम गुप्ता निवासी काजीपुर मगहर तेली टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर ।

बरामदगी का विवरण:-

- 01 अदद तमंचा .315 बोर
- 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर

पुलिस टीम का विवरण:- - उ0नि0 श्री धर्मनाथ यादव, हे0का0 अनिल कुमार, का0 अमृतेश मिश्रा, का0 अंकित कुमार पाल ।